# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी वन प्रभाग, झांसी

पत्रांक 3851 /13-1 दिनांक, झांसी, अप्रैल 15 2025

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
ग्वालियर रोड, झांसी ।

विषय:- जनपद झांसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम गुलारा, तिलैथा, बचावली एव बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु पाइप लाइन बिछाये जाने में प्रभावित संरक्षित वनभूमि 6.2793 हे0 एवं आरक्षित वनभूमि 0.408 हे0 कुल 6.6873 हे0 वनभूमि पर बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी कार्य की अनुमति हेतु ।

संदर्भ:- 1. भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्राल, एकीकृत, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक-8B/UP/08/168/2022/FC/142, Date 27.05.2023 ।
2. इस कार्यालय का पत्रांक-5036/15-1, दिनांक 27.06.2023 ।
3. इस कार्यालय का पत्रांक-2531/13-1, दिनांक 01.02.2024 ।
4. इस कार्यालय का पत्रांक-571/13-1, दिनांक 09.08.2025 ।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के कम में अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव में कतिपय शर्तो के साथ सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। सैद्वान्तिक स्वीकृति की समस्त शर्तो की अनुपालन आख्या/वचनवद्वता अभिलेख 05-05 प्रतियों में शील्ड व हस्ताक्षर सहित शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सैद्वान्तिक स्वीकृति की शर्त सं0 2 के अनुपालन में झांसी वन प्रभाग, झांसी की बबीना रेंज के अन्तर्गत बघौरा वन ब्लाक की 13.38 हे0 अथवा 13.40 हे0 अवनत वनभूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण व 10 वर्षो के अनुरक्षण सहित आगणित धनराशि रू0 2485773.00 (चौबीस लाख पिच्चासी हजार सात सौ तिहेत्तर रू0 मात्र) एवं शर्त सं0 4 के अनुपालन में झांसी वन प्रभाग की प्रभावित संरक्षित एवं आरक्षित वनभूमि 6.6873 हे0 की एन0पी0वी0 की आगणित धनराशि रू0 6404963.00 (चौसठ लाख चार हजार नौ सौ तिरेसठ रू0 मात्र) इस प्रकार शर्त सं0 2 व 4 कुल धनराशि 2485773+6404963 = 8890736.00 (मु0 अठासी लाख नब्बे हजार सात सौ छत्तीस रू0 मात्र) कैम्पा नई दिल्ली के खाते में ई-पोर्टल से प्राप्त चालन के माध्यम से जमा कर रसीद की पॉच (रंगीन फोटो कॉपी) प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

जिससे विषयगत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुपालन आख्या उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके ।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांक

प्रतिलिपि:- मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्रांक 3763/11-C/FP/UP/Water/150514/2021, दिनांक 29.05.2023 के कम में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि:- वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, उ0प्र0, झांसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।